C M Y K

Web: www.uttaranchaldeep.com    Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में मंगलवार
सायं 5:51 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में बुधवार
सुबह 6:09 बजे

सांध्य दैनिक

# उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ

हल्द्वानी    वर्ष 18 अंक 101 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु.    मंगलवार, 7 अक्टूबर 2025



ऐश्वर्या ने शेयर कीं पेरिस फैशन...पेज-3 पर

## डीएफओ डायरी: फॉरेस्ट वॉरियर्स गुमनाम वन योद्धाओं को समर्पित एक रोमांचक फिल्म

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता



नेशनल वाइल्ड लाइफ वीक के अवसर पर एक अनोखी और प्रेरणादायक फिल्म डीएफओ डायरी: फॉरेस्ट वॉरियर्स देशभर के सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। उत्तराखंड के जंगलों में वन अधिकारियों, स्थानीय ग्रामीणों और पर्यावरण रक्षकों के संघर्षों पर आधारित यह फिल्म उन गुमनाम नायकों को समर्पित है जिन्होंने प्रकृति की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। सोमवार को एफटीआई सभागार में फिल्म का उदघाटन किया गया। उद्घाटन मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष प्रताप बिष्ट, विशिष्ट अतिथि प्रदेश सह कोषाध्यक्ष भाजपा साकेत अग्रवाल, भाजपा नेत्री शांति भट्ट, डीएफओ सुषमा भारद्वाज ने किया। इस दौरान प्रताप बिष्ट व साकेत अग्रवाल ने इसे सराहनीय पहल बताया। इससे लोगों को वनाधिकारियों के संघर्ष और जज्बे के बारे में जानकारी मिलेगी और यह फिल्म एक प्रेरणा के रूप में करेगी। वहीं आईएफएस टीआर बीजू लाल ने बताया कि फिल्म एक एपिसोडिक ड्रामा है, जिसकी तीन मुख्य कहानियाँ एक वन अधिकारी डीएफओ विजय की डायरी से जुड़ी हैं। यह डायरी 20 वर्षों की उन जमीनी सच्चाइयों को उजागर करती है जिन्हें जंगलों की आग, शिकारियों, लकड़ी माफियाओं और पर्यावरणीय आपदाओं के खिलाफ लड़ते हुए एक फॉरेस्ट ऑफिसर ने अनुभव किया है। फिल्म का मुख्य आधार 2024 में उत्तराखंड के बिन्सर वाइल्डलाइफ सेंचुरी में लगी भीषण आग है, जिसमें कई वनकर्मी और ग्रामीणों ने जंगल बचाते हुए अपनी जान गंवा दी थी। फिल्म की शुरूआत विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर होती है, जहाँ डीएफओ विजय से उनकी आने वाली किताब ह्वडीएफओ डायरीरू फायर वॉरियर्सह्व के बारे में पूछा जाता है। इसके बाद विजय अपनी डायरी के पन्ने खोलते हैं और फिल्म इन घटनाओं की यात्रा पर ले जाती है। कॉलेज की कुछ छात्राएं कवि रविंद्रनाथ टैगोर के गुमनाम लेखन स्थल टैगोर टॉप की खोज पर निकलती हैं और जंगल में शिकारियों के हाथों बंधक बन जाती हैं। डीएफओ विजय समय रहते उन्हें बचाते हैं। गहरे जंगलों में चलती एक थ्रिलिंग चेज के बाद फॉरेस्ट डिपार्टमेंट कुख्यात तस्करों को पकड़ने में सफल होता है। उत्तराखंड के जंगलों में आग की विभीषिका, महीनों की मशक्कत और अंतत: कुछ वनकर्मियों का बलिदान दर्शकों को झकझोर देता है। फिल्म का संगीत इसकी आत्मा है, जिसमें उत्तराखंड की लोकधुनों और आधुनिक संगीत का मेल देखने को मिलेगा। प ?द्मश्री कैलाश खेर द्वारा गाया गया गीत एक ऐतिहासिक ट्रैवलॉग है, जो टैगोर टॉप की खोज को समर्पित है। आईएफएस अधिकारी बीजू लाल की आवाज में प्रेरणादायक गीत, जो पर्यावरण रक्षा का आह्वान करता है। इस गीत में छोलिया नृत्य की सांस्कृतिक झलक भी देखने को मिलेगी। फिल्म की शूटिंग नैनीताल, भवाली, पंगोट, रामगढ़, मुक्तेश्वर जैसे उत्तराखंड के सुरम्य क्षेत्रों में की गई है। हरे-भरे ओक और पाइन के जंगल, धुंध से ढकी घाटियाँ और पारंपरिक गाँव फिल्म की सिनेमाटोग्राफी को खास बनाते हैं। कैमरा मैन हैं मनोज सती, संतोष पाल। फिल्म के संगीतकार हैं अमित वी कपूर, विनय कोचर, मन चौहान। फिल्म में बीजू लाल (आईएफएस), हर्षिता कोहली, देवेन्द्र बिष्ट, राजेश आर्या, गंगा बुटलाकोटी के अलावा स्थानीय कलाकारों ने अभिनय किया है।

## News कॉर्नर

### बल्दियाखान क्षेत्र में बंदरों के आतंक से लोग परेशान

**नैनीताल।** नगर के बल्दियाखान क्षेत्र में बंदरों के बढ़ते आतंक से परेशान लोगों को राहत मिली है। वन विभाग ने क्षेत्र में तीन पिंजरे लगाकर दस से अधिक बंदरों को पकड़ लिया है। पकड़े गए सभी बंदरों को रानीबाग रेस्क्यू सेंटर भेज दिया गया है। इस दौरान स्थानीय लोगों ने बताया कि बीते लंबे समय से बंदर घरों और दुकानों से सामान चोरी करने के साथ ही लोगों पर झपट रहे थे, जिससे क्षेत्रवासी भयभीत थे।

### मदरसों को धार्मिक शिक्षा देनी है तो लेनी होगी मान्यता

**देहरादून।** मदरसों में अगर केवल धार्मिक शिक्षा देनी है तो इसके लिए भी अब प्राधिकरण से मान्यता लेनी होगी। नया अल्पसंख्यक शिक्षण संस्थान कानून लागू होने के बाद शिक्षकों की भर्ती भी मानकों के हिसाब से करनी होगी। इस कानून के लागू होने के बाद उत्तराखंड मदरसा शिक्षा बोर्ड से मान्यता प्राप्त कोई मदरसा, उत्तराखंड मदरसा शिक्षा बोर्ड अधिनियम 2016 और उत्तराखंड अरबी एवं फारसी मदरसा मान्यता नियमावली 2019 के प्रावधानों के तहत शैक्षिक सत्र 2025-26 में ही शिक्षा दे सकेंगे। अगले शैक्षिक सत्र 2026-27 से धार्मिक शिक्षा देने के लिए मदरसों को इस कानून के तहत गठित प्राधिकरण से दोबारा मान्यता लेनी पड़ेगी।

आज भी प्रदेश में भारी से भारी बारिश की चेतावनी

## कई वर्षों के बाद अक्तूबर में चारों धामों में बर्फबारी

चमोली

हमारे संवाददाता

बदरीनाथ, हेमकुंड साहिब सहित नीती और माणा घाटी में आज सुबह से बर्फबारी जारी है। कड़ाके की ठंड भी पड़ रही है। चमोली में चारों ओर बर्फ की सफेद चादर बिछी है। वहीं गंगोत्री धाम की ऊंची चोटियों में बर्फबारी हो रही है।

दो दिनों से चमोली जनपद में बारिश और बर्फबारी का सिलसिला अभी भी थमा नहीं है। बदरीनाथ धाम, हेमकुंड साहिब, फूलों की घाटी, नर-नारायण पर्वत, उर्वशी पर्वत के साथ ही नीती और माणा घाटियों में बर्फ की सफेद चादर बिछ गई है। कई वर्षों बाद लोगों को अक्तूबर में ऐसी बर्फबारी देखने को मिल रही है। मौसम में अचानक आए इस बदलाव से कड़ाके की ठंड पड़ रही है। निजमुला घाटी के ईराणी गांव के समीप की चोटियां भी बर्फ से लकदक हो गई हैं। ईराणी गांव से आ रही फोटो और वीडियो रोमांचित करने वाली हैं। गोपेश्वर, पोखरी, नंदानगर, कर्णप्रयाग, गौचर, गैरसैंण, थराली, देवाल, नारायणबगड़ क्षेत्र में लगातार बारिश हो रही है। ठंड से बचने के लिए लोग अलाव का सहारा ले रहे हैं।



आंकड़ों पर नजर डालें तो दून का अधिकतम तापमान सामान्य से तीन डिग्री गिरावट के साथ 27.4 डिग्री रिकॉर्ड किया गया है। वहीं, दोपहर बाद हुई तेज दौर की बारिश से न सिर्फ मौसम सुहाना हुआ, बल्कि ठंड के चलते लोगों को हल्के कर्म कपड़े भी बाहर निकल गए। हालांकि रात का न्यूनतम तापमान सामान्य से दो डिग्री अधिक रहा। बारिश के आंकड़ों की बात करें तो अकेले दून में 9.7 एमएम बारिश रिकॉर्ड की गई। जबकि बीते दिनों यह तापमाना सामान्य से तीन से चार डिग्री तक की बढ़ोतरी के साथ दर्ज किया जा रहा था। मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक सीएस तोमर ने बताया, निम्न दबाव बनने के कारण उत्तराखंड में आठ अक्तूबर तक तेज दौर की बारिश होने की संभावना है। आज भी प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में भारी से भारी बारिश की चेतावनी है। जबकि ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी होने के भी आसार हैं।

## पांच महीनों में पटवाडांगर इंटर कॉलेज में दूसरी बार चोरी का प्रयास

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नगर के समीपवर्ती पटवाडांगर इंटर कॉलेज में चोरों ने चोरी का प्रयास किया है। बीते 05 महीनों में यह दूसरी बार है जब स्कूल में चोरी की घटना सामने आई है। जानकारी के अनुसार चार दिन पूर्व अज्ञात लोगों ने कॉलेज में घुसकर कार्यालय के दरवाजे की जाली तोड़कर अंदर प्रवेश करने की कोशिश की हालांकि चोरी में वे सफल नहीं हो पाए।

बताया जा रहा है कि इससे पहले जून माह में भी इंटर कॉलेज के कार्यालय से लैपटॉप चोरी हुआ था लेकिन पुलिस अब तक आरोपियों तक नहीं पहुंच सकी है। दोबारा हुई इस घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। इस दौरान ज्योलोकोट चौकी इंचार्ज श्याम बोरा ने बताया कि शिकायत दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से स्थानीय लोग व विद्यालय प्रशासन चिंता में हैं।

## नशे में कार चलाना पड़ा महंगा

**नैनीताल।** शाहजहांपुर से नैनीताल घूमने पहुंचे एक पर्यटक को शराब पीकर कार चलाना महंगा पड़ गया।

यातायात पुलिस ने ड्रिंक एंड ड्राइव में कार्रवाई करते हुए उसकी कार सीज कर दी है। जानकारी के मुताबिक उत्तर प्रदेश शाहजहांपुर निवासी पर्यटक अनिकेत तिवारी अपनी कार (यूपी 31 एन 6789) से नैनीताल घूमने आया था। ठंड के मौसम में शराब पीने के बाद वह मल्लीताल की ओर निकल गया। इस दौरान मल्लीताल पुराने घोड़ा स्टैंड के पास उसने अपनी कार गलत दिशा से वन-वे मार्ग में डाल दी। कार को गलत दिशा में जाते देख पुलिस ने वाहन रोक लिया।

पूछताछ के दौरान पर्यटक के मुंह से शराब की गंध आने पर मेडिकल परीक्षण कराया गया, जिसमें वह नशे की हालत में पाया गया। टीएसआई कमल किशोर ने बताया कि अनिकेत तिवारी के खिलाफ ड्रिंक एंड ड्राइव में कार्रवाई करते हुए वाहन सीज कर दिया गया है।

## नौ हजार राशन विक्रेताओं को मिल सकता है दीपावली से पहले तोहफा

देहरादून

हमारे संवाददाता

प्रदेश के नौ हजार सरकारी राशन विक्रेताओं को दीपावली से पहले लाभांश बढ़ोतरी का तोहफा मिल सकता है। विभागीय मंत्री रेखा आर्या ने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम और राज्य खाद्य योजना का लाभांश समान रूप से दिए जाने के निर्देश दिए हैं।

खाद्य आयुक्त चंद्रेश कुमार के मुताबिक प्रदेश के राशन विक्रेताओं की मांग है कि राज्य खाद्य योजना के लाभांश को केंद्र सरकार की ओर से दिए जाने वाले लाभांश के समान किया जाए। केंद्र सरकार 180 रुपये और राज्य सरकार 50 रुपये प्रति क्विंटल लाभांश दे रही है। खाद्य आयुक्त कार्यालय की ओर से समान रूप से लाभांश के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा जा चुका है।

जिस पर शासन स्तर से निर्णय होना है। वहीं, विभागीय मंत्री रेखा आर्या ने राज्य खाद्य योजना और राष्ट्रीय खाद्य में शासन विक्रेताओं को मिलने वाले लाभांश को समान रूप से किए जाने के निर्देश दिए हैं। शासन से प्रस्ताव को मंजूरी मिली तो राज्य खाद्य योजना में राशन विक्रेताओं को केंद्र के समान 180 रुपये प्रति क्विंटल लाभांश मिलने लगेगा। सरकारी राशन विक्रेताओं को एनएसएफए में केंद्र सरकार 180 रुपये और एसएफवाई योजना में राज्य सरकार राशन में प्रति क्विंटल 50 रुपये लाभांश मिलता है।

## पुलिस पेंशनर्स से रूबरू हुए एसएसपी, सुनी समस्याएं,दिए समाधान के निर्देश

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

पुलिस लाइन में पुलिस पेंशनर्स की समस्याओं और सुझावों के लिए गोष्ठी आयोजित हुई। गोष्ठी में एसएसपी मणिकांत मिश्रा पुलिस पेंशनर्स से रुबरु होते हुए समस्याओं को सुना। गोष्ठी में जनपद के सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

एसएसपी ने कहा कि पुलिस और पुलिस पेंशनर्स एक ही परिवार के सदस्य हैं। उनके सुख-दुख में शामिल होना और उनकी समस्याओं का समाधान करना हमारी प्राथमिकता है।

गोष्ठी का मुख्य उद्देश्य सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी,कर्मचारियों को एक मंच पर लाना, सभी को एक परिवार के रूप में जोड़ना तथा हर परिस्थिति में सहयोग की भावना को मजबूत करना रहा इसके साथ ही, एसएसपी ने सेवानिवृत्त कर्मियों को नशा उन्मूलन जैसे सामाजिक सुधार अभियानों में सक्रिय सहयोग के लिए प्रेरित किया। पुलिस पेंशनर्स द्वारा विभिन्न व्यक्तिगत, पारिवारिक एवं विभागीय समस्याओं को रखा गया। जिन्हें एसएसपी ने गंभीरता से सुना और तत्काल संज्ञान लेकर निराकरण हेतु निर्देशित किया। उन्होंने बताया कि व्हाट्सएप ग्रुप का गठन किया गया। जिसमें



जनपद के सभी पुलिस पेंशनर्स एवं उनके आश्रितों के लिए एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाया जाएगा, जिसमें वे अपनी समस्या, शिकायत या सुझाव भेज सकेंगे। इन पर तुरंत संज्ञान लेकर समाधान किया जाएगा। उन्होंने थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने क्षेत्र की सीएलजी (सामुदायिक सम्पर्क समूह) मीटिंग में पुलिस पेंशनर्स को सम्मिलित किया जाए, ताकि वे सामाजिक गतिविधियों से जुड़े रहें। एसएसपी ने एएसपी संचार को निर्देशित किया कि जनपद में निवासरत प्रत्येक पुलिस पेंशनर एवं उनके आश्रितों का पूर्ण विवरण — नाम, पता, मोबाइल नंबर आदि एकत्र कर सूची अद्यावधिक करें। उन्होंने कहा कि पुलिस पेंशनर्स हमारे पुलिस परिवार का अभिन्न अंग हैं।

### गोष्ठी

- पुलिस लाइन में आयोजित हुई समाधान व सुझाव गोष्ठी

# विधायक सरिता ने पेयजल समस्याओं को सुना

**नैनीताल**
**हमारे संवाददाता**

उत्तराखंड पेयजल अनुश्रवण समिति के उपाध्यक्ष दिनेश आर्या ने सोमवार को नैनीताल क्लब में विधायक नैनीताल सरिता आर्या की उपस्थिति एवं विधानसभा क्षेत्र नैनीताल के विभिन्न गांवों से आए ग्राम प्रधानों, जिला पंचायत सदस्यों सहित अन्य जनप्रतिनिधियों व पेयजल से संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर क्षेत्रान्तर्गत किए जा रहे जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा के साथ ही गांवों की पेयजल से संबंधित समस्याओं को सुना।



इस दौरान ग्रामीणों द्वारा मुख्य रूप से गांव में जल जीवन मिशन के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों एवं पेयजल की समस्याओं को प्रमुखता से माननीय उपाध्यक्ष के सम्मुख रखा। इसके अतिरिक्त विभिन्न गांवों से आए ग्राम प्रधानों द्वारा जल जीवन मिशन के अंतर्गत अधूरे निर्माण कार्यों के अलावा आपदा के दौरान क्षतिग्रस्त पेयजल लाइनों की शीघ्र मरम्मत किए जाने संबंधित मांग व समस्याओं को माननीय उपाध्यक्ष के सम्मुख रखा। बैठक में विभिन्न गांवों में जल जीवन मिशन के अंतर्गत पूर्व में संयोजित हर घर नल में पेयजल की आपूर्ति न होने, कहीं कहीं तोघरों में जल जीवन मिशन का कार्य ही प्रारंभ न होने की शिकायत रखी। इस संबंध में मा. उपाध्यक्ष ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जो ठेकेदार समय से कार्य नहीं कर रहे हैं उन्हें नोटिस देते हुए उनके विरुद्ध कार्रवाई करते हुए ऐसी योजनाओं में अवशेष कार्यों के पुन: टेंडर करते हुए समय पर कार्य पूर्ण कराएं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को पेयजल उपलब्ध कराना विभाग की जिम्मेदारी है, इस हेतु अधिकारी किसी भी प्रकार की हिलाहवाली न करें। समय पर कार्य पूर्ण न होना बड़ी लापरवाही है इस हेतु अधिकारी प्राथमिकता व पेयजल की आवश्यकता को देखते हुए कार्यों को समय से पूर्ण करें। माननीय उपाध्यक्ष ने कहा कि क्षेत्र से आए जनप्रतिनिधियों द्वारा आज जो भी पेयजल की समस्याएं बताई गई हैं, विभाग प्राथमिकता से उनका समाधान 15 दिन के भीतर करना सुनिश्चित करें। पुन: उनके द्वारा इस संबंध में समीक्षा की जाएगी। बैठक में नैनीताल नगर में हाइड्रेंट लाइनों की समस्या के संबंध में शीघ्र ही नगर की सभी हाइड्रेंट लाइनों को दुरुस्त रखे जाने व इन लाइनों में 24 घंटे पानी की उपलब्ध बनाए रखे हेतु शीघ्र कार्य करने के निर्देश दिए,ताकि अग्नि की घटना होने पर तत्काल उस पर नियंत्रण पाया जा सके। बैठक में भवाली में सीवरेज लाइन एवं पेयजल लाइन के निर्माण के संबंध में भी पेयजल निगम को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए गए साथ ही एडीबी द्वारा पटवा डांगर में बनाए जाने वाले सीवर ट्रीटमेंट प्लांट के संबंध में भी कार्यवाही के निर्देश परियोजना प्रबंधक यू यू एस डी ए को दिए। बैठक में नैनीताल नगर में सीवर लाइनों में भवनों से वर्षाती पानी जोड़ने की शिकायत पर ऐसे भवनों को चिह्नित कर तत्काल चालान करते हुए संयोजन हटाने के निर्देश दिए। बैठक में माननीय उपाध्यक्ष ने भूमियाधर में पेयजल की समस्या के समाधान हेतु जल संस्थान को 10 दिन का समय देते हुए समस्या के समाधान के निर्देश के साथ ही संबंधित ठेकेदार पर पेनल्टी लगाते हुए कार्य नहीं करने पर ठेकेदार को काली सूची में डालने के निर्देश दिए। बैठक में श्री आर्या ने पेयजल विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि मानसूनकाल के दौरान जिन-जिन गांवों में पेयजल की लाइनों को जो भी क्षति हुई है उसकी मरम्मत का प्रस्ताव आपदा में तैयार करते हुए जिला अधिकारी कार्यालय को प्रस्ताव उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। साथ ही मरम्मत कार्य पूर्ण न होने तक वैकल्पिक व्यवस्था से ग्रामीणों को पेयजल उपलब्ध कराया जाए। बैठक में विभिन्न जनप्रतिनिधि व पेयजल विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।



# मल्लीताल पंत पार्क क्षेत्र में याताया नियमों का उल्लंघन करने पर पुलिस ने दर्जनों वाहनों के किए चालान

**नैनीताल**
**हमारे संवाददाता**

मल्लीताल पंत पार्क क्षेत्र में याताया नियमों का उल्लंघन करने पर पुलिस ने दर्जनों वाहनों के चालान किए। साथ ही कई लोगों को सख्त हिदायद देखे छोड़ दिया। बता दे कि इन दिनों बढ़ते पर्यटकों की संख्या व वाहनों के नो पार्किंग जॉन में खड़े होने के चलते लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है जिस से पर्यटकों व आम लोगों को क्षेत्र से निकलने में परेशानी हो रही है जिसको देखते हुए सोमवार को पुलिस ने मल्लीताल चौकी के पास चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान नो पार्किंग जॉन,बिना हेलमेट पहने, ट्रिपलिंग व तेज रफ्तार में वाहनों को चलने पर पुलिस ने दर्जन वाहनों के चालान कर दिए।साथ हो सही लोगो को यातायात नियमों को गंभीरता से लेते हुए नियमों का पालन करने की अपील की।

# विधायक कैड़ा ने भीमताल विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीणों की समस्याओं को सुना

**धारी**
**हमारे संवाददाता**

भीमताल विधायक राम सिंह कैड़ा ने भीमताल विधानसभा क्षेत्र के धारी ब्लॉक के पदमपुरी, मटियाल, अक्सोडा, धारी, कनरखा आदि गांव का दौरा कर ग्रामीणों की समस्याओं को सुना। ग्रामीणों ने बिजली, पानी , सड़क आदि समस्याओं को विधायक कैड़ा के सम्मुख रखा । विधायक कैड़ा ने संबधित विभाग के अधिकारियो को फोन कर ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए। विधायक ने जल निगम व जल संस्थान के अधिकारियों को जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत चल रहे पेयजल लाईनों का निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये! पी डब्लू डी व पी एम जी एस वाई विभाग के अधिकारियो को फोन कर कहा विधायक ने पी डब्लू डी व पी एम जी एस वाई विभाग के अधिकारियो क्षतिग्रस्त मोटर मार्गो को शीघ्र सही करने को कहा है। विधायक कैड़ा ने सरकार की योजनाओं का गाँव के अंतिम छोर पर खडे व्यक्ति तक पहुँचे इस दिशा में लगातार कार्य किया जा रहा!आम जनता तक पहुंचकर जनता को सरकार की योजनाओं का लाभ देने का कार्य किया जा रहा है! इस दौरान मण्डल अध्यक्ष कृष्ण चंद्र, कमल जोशी, प्रकाश चंद्र नानू, दीपा बिष्ट, सरोज आर्या सहित भाजपा पदाधिकारी, प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य व कार्यकर्ता ग्रामीणों मौजूद रहे।



## NEWS / फटाफट

### अधिवक्ता सुमित बजाज बने कुविवि सभा के सदस्य



**नैनीताल।** कुमाऊं विश्वविद्यालय ने विवि सभा के सदस्य के लिए अधिवक्ता सुमित बजाज को निर्वाचित किया है। कुलसचिव डॉ. मंगल सिंह मंद्रवाल ने इस संबंध में पत्र जारी कर बताया है कि विवि सभा के निर्वाचन के लिए डॉ. बीएस जीना की ओर से भरे गए नामांकन पत्र में दिए गए गलत शपथ पत्र के आधार पर उनका निर्वाचन निरस्त किया है। साथ ही विवि अधिनियम एवं परिनियमावली के प्रावधानों के तहत कुलपति प्रो. डीएस रावत के अनुमोदन के बाद अधिवक्ता बजाज को सदस्य के रूप में निर्वाचित किया है।

### वाल्मीकि प्रकट दिवस के अवसर पर रंगारंग कार्यक्रम



**नैनीताल।** वाल्मीकि प्रकट दिवस के अवसर पर रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें राजस्थान, कुमाऊनी और हिमाचली नृत्यों की शानदार प्रस्तुतियाँ दी गई। कार्यक्रम का उद्घाटन पालिकाध्यक्ष डॉ. सरस्वती खेतवाल ने मंच पूजन कर समारोह का शुभारंभ किया। इस अवसर पर सभासद शीतल कटियार, मंदिर समिति के अध्यक्ष धीरज कटियार, सचिव संजय सिरोही, सतीश पवार, सुनील पवार, विनोद पवार, मोहित बेनीवाल रहे। कार्यक्रम की प्रस्तुतियाँ कन्नू बेनीवाल व समूह द्वारा दी गईं। समूह ने रंगारंग नृत्य प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर अध्यक्ष वाल्मीकि सभा गिरीश भैया , महासचिव दिनेश कटिहार भी उपस्थित रहे।

### प्रो.गिरीश रंजन तिवारी के बड़े भाई के निधन पर शोक

**नैनीताल।** नेशनल यूनियन ऑफ़ जर्नलिस्ट इंडिया के प्रदेश उपाध्यक्ष वरिष्ठ पत्रकार एवं कुमाऊं विश्वविद्यालय के प्रो.गिरीश रंजन तिवारी के बड़े भाई मनोज तिवारी उम्र (74) वर्ष का मंगलवार को हल्द्वानी में निधन हो गया। मनोज तिवारी पूर्व में नगर पालिका के सभासद रह चुके है और नैनीताल के स्टोनले कंपाउंड क्षेत्र में स्थित ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल का संचालन करते थे। उनका अंतिम संस्कार आज 11:30 बजे रानीबाग स्थित चित्रशिला घाट पर किया गया। मनोज तिवारी के निधन से पत्रकारिता और सामाजिक क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है। कुमाऊं विश्वविद्यालय के कुलपति व प्रोफेसर समेत क्षेत्र के कई जनप्रतिनिधियों, पत्रकारों और शुभचिंतकों ने उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति और शोक संतप्त परिवार को सांत्वना प्रदान की है।

### श्रीकृष्ण जन्म उत्सव कथा का हुआ मनोहर वर्णन



**हल्द्वानी।** सरस्वती बिहार, बिठौरिया नं. 1,हिमालय स्वराज सेवा ट्रस्ट द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा श्रंखला के अंतर्गत चल रही कथा में आज कथा व्यास विवेकानंद जोशी ने भगवान श्रीकृष्ण जन्म की दिव्य कथा का भावपूर्ण वर्णन किया। कथा व्यास ने बताया कि जब पृथ्वी पापियों के बोझ से व्याकुल हुई तो भगवान विष्णु ने आश्वासन दिया कि वे स्वयं अवतार लेकर अधर्म का नाश करेंगे। मथुरा के अत्याचारी राजा कंस के आतंक से त्रस्त जनता को मुक्ति दिलाने हेतु भगवान ने देवकी और वासुदेव के घर भाद्रपद कृष्ण अष्टमी की मध्यरात्रि में श्रीकृष्ण रूप में अवतार लिया। आयोजन स्थल पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही।आज हिमालय स्वराज सेवा ट्रस्ट की ओर से कार्यकारी अध्यक्ष ममता रूवाली, कोषाध्यक्ष हेम पंत, हर्ष वर्द्धन पांडे, शंकर रूवाली ,नीमा रूवाली उपस्थित रहे।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
–संपादक

**पूर्व प्रधान संपादक:**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
**आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558**
समस्त विवाद हल्द्वानी
न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# उत्तराखंड में नैनीताल मॉल रोड हुई सबसे महंगे सर्किल रेट

**नैनीताल**
**हमारे संवाददाता**

उत्तराखंड में भूमि के सर्किल रेट बढ़ाई जाने के बाद नैनीताल में जमीन लेने का सपना देख रहे लोगों को महंगाई का झटका लगा है। नैनीताल में जमीन 50प्रतिशत महंगी हुई है तो आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में जमीन के दाम में एकदम 40प्रतिशत की बढ़ोतरी हो गई है। शहर के माल रोड क्षेत्र में आवासीय वह बहुमंजिला भवन खरीदने के लिए अब तक 112000 वर्ग मीटर कब भुगतान करना पड़ता था लेकिन अब 164000 देने होंगे जबकि दुकान होटल समेत अन्य व्यवसाय करने के लिए अब तक 1 लाख 47500 देने होते थे तो वहीं अब 2 लाख 2500 रुपए देने होंगे। वही नैनीताल में सबसे सस्ता क्षेत्र कृष्णापुर है जहां घर बनाने के लिए 35000 और व्यवसाय करने के लिए 76000 का भुगतान करना होगा इसके अलावा नैनीताल के सबसे पास कैंची धाम के भवाली में सड़क से 50 मीटर की दूरी तक एक वर्ग मीटर भूमि खरीदने के लिए 15 हजार, 50 मीटर से 200 मीटर तक जमीन खरीदने के लिए 11 हजार जबकि बहु मंजिला घर और फ्लैट की रजिस्ट्री के लिए 29000 रुपए देने होंगे जबकि दुकान या अन्य व्यवसाय के लिए 51000 खर्च करने पड़ेंगे। वही दिल्ली समेत महानगरों के लोगों की सबसे पसंदीदा जगह मुक्तेश्वर सतबूंगा समेत आसपास के क्षेत्र में भी जमीन के सर्किल रेट में 40त्न तक की वृद्धि हुई है। पहले सड़क से 50 मीटर की भूमि खरीदने के लिए 9000 रुपए वर्ग मीटर के हिसाब से भुगतान करना पड़ता था तो वहीं अब हिमालय की वादियों में घर बनाने के लिए 13000 वर्ग मीटर के हिसाब से भुगतान करना होगा जबकि सड़क से 50 से 200 मीटर की दूरी मैं घर बनाने के लिए 8000,बहुमंजिला घर बनाने के लिए 27000 रुपए वर्ग मीटर जबकी होटल दुकान या अन्य व्यवसाय करने के लिए 45800 वर्ग मीटर के हिसाब से भुगतान करना होगा।

# कुमाऊं विवि कार्य परिषद की महत्वपूर्ण बैठक

**नैनीताल**
**हमारे संवाददाता**

कुमाऊं विश्वविद्यालय मुख्यालय में सोमवार को कार्य परिषद की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। कुलपति प्रो. डीएस रावत की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में विश्वविद्यालय के प्रशासनिक और शैक्षणिक मामलों पर विस्तार से विचार किया गया। बैठक में कई सदस्य ऑनलाइन माध्यम से भी जुड़े।




बैठक में कुलसचिव डॉ. एमएस मंद्रवाल ने कार्य योजना प्रस्तुत की और 155वीं बैठक की शुरुआत से पहले पूर्व में आयोजित बैठकों में लिए गए निर्णयों का संक्षिप्त अवलोकन भी पेश किया। परिषद ने पहले के निर्णयों को अनुमोदित करते हुए नई बैठक के लिए प्रस्तावित एजेंडे पर सहमति व्यक्त की। बैठक में कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं को भी चर्चा के लिए ईसी में रखा गया। सबसे महत्वपूर्ण विषय रहा पदोन्नति का मामला। चयन समिति की ओर से प्रस्तुत गोपनीय लिफाफों को खोलकर असिस्टेंट से एसोसिएट तथा एसोसिएट से प्रोफेसर के पद पर कुल 36 प्राध्यापकों के साक्षात्कार के आधार पर निर्णय लिया गया। इसमें 31 प्राध्यापकों को पदोन्नति के लिए अनुमोदन मिला, जबकि शेष पांच प्रकरणों को अंतिम निर्णय के लिए राजभवन भेजा गया। इसके अलावा बैठक में विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालयों और संस्थानों के विभिन्न डिप्लोमा तथा सर्टिफिकेट पाठ्यक्रमों की अस्थाई संबद्धता का विस्तार करने का भी अनुमोदन किया गया। अतिथि शिक्षकों और संविदा शिक्षकों की सेवाओं के विस्तार को भी बैठक में मंजूरी दी गई। कुलपति प्रो. रावत ने बैठक के समापन पर कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन सभी शैक्षणिक एवं प्रशासनिक मामलों में पारदर्शिता और गति बनाए रखने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने शिक्षकों की पदोन्नति और कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का आश्वासन भी दिया। इस मौके पर कार्य परिषद के सदस्य अरिवंद पडियार, केवल सती, प्रो. रजनीश पांडे, डॉ. कुमुद उपाध्याय, डॉ. पीएस बिष्ट आदि रहे।

# अभिमत

## युवाओं का गुस्सा जायज

*भर्ती परीक्षा के अभ्यर्थियों का कहना है कि यह पहली बार नहीं हुआ है। हर परीक्षा के बाद यही कहानी दोहराई जाती है। राज्य स्तरीय जांच सिर्फ दिखावा है। सीबीआई जांच से ही नकल माफिया पकड़ में आयेंगे। राज्य सरकार ने अब सीबीआई जांच का आश्वासन दिया है। युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ अब बर्दाश्त नहीं होगा। पूरे राज्य में गुस्सा फूटा तो स्थिति पर नियंत्रण कठिन हो जायेगा। सरकार द्वारा परीक्षा रद्द करके जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ना बेरोजगारों के साथ क्रूर मजाक है।*

उत्तराखंड में भर्ती परीक्षा पर लगातार सेंध लग रही है। उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की परीक्षा का पेपर लीक होने से एक बार फिर युवाओं का गुस्सा फूटना जायज है। सरकारी नौकरी पाने के लिए कड़ी मेहनत करने वाले बेरोजगार युवाओं के सपनों पर नकल माफिया पानी फेर रहा है। युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ किया जा रहा है। सरकारी नौकरी दिलाने का दावा करने वाला वीडियो जारी हुआ, जिसमें कहा गया कि 15 लाख रुपये दो, जितना आए उतना पेपर हल कर देना, शेष ओएमआर शीट छोड़ देना, चेकिंग से पहले पूरे सवाल हल कर दिये जायेंगे। रकम पूरी नकद और परीक्षा से पहले लेने की बात कही गई। भर्ती नहीं करा पाये तो रकम वापस कर दी जायेगी। नकल माफिया हाकम और उसके साथी पंकज गौड़ की गिरफ्तारी के एक दिन बाद पेपर लीक हो गया। राजनीति में ऊंची पहुंच रखने वाला नकल माफिया हाकम दो साल पहले भी जेल जा चुका है। 13 महीने जेल में गुजार चुका है। हाकम ने कुछ साल में ही करोड़ों की संपत्ति बनाई है। जिला पंचायत चुनाव जीतकर राजनीति में पैर जमाये थे। वर्ष 2015 में दरोगा भर्ती से लेकर अनेक भर्ती परीक्षाओं में घोटाला हुआ है। हाकम का नाम सभी मामलों में सामने आया है। विपक्षी दलों ने पेपर लीक को देवभूमि के लिए बदनुमा दाग बताया है। विपक्ष का कहना अनुचित नहीं है। दो साल पहले भर्ती परीक्षा में नकल को लेकर पूरे राज्य में युवा सड़कों पर उतर आये थे। युवाओं के आक्रोश को शांत करने के लिए मुख्यमंत्री ने जांच के आदेश दिये थे। भर्ती परीक्षा में घोटालों को लेकर दर्जनों लोग गिरफ्तार किये गये थे। परीक्षा रद्द कर दी गई। सेवा चयन आयोग के अधिकारियों के खिलाफ भी कार्रवाई हुई। जिस प्रेस में पेपर छपवाये जाते थे, उस प्रेस के खिलाफ भी कार्रवाई हुई। दरअसल जांच का अपराधियों में कोई डर नहीं है। गेटिंग-सेटिंग के खेल से मामला निपट जाता है। भर्ती परीक्षा के अभ्यर्थियों का कहना है कि यह पहली बार नहीं हुआ है। हर परीक्षा के बाद यही कहानी दोहराई जाती है। राज्य स्तरीय जांच सिर्फ दिखावा है। सीबीआई जांच से नकल माफिया पकड़ में आयेंगे। अब राज्य सरकार ने सीबीआई जांच का आश्वासन दिया है। युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ अब बर्दाश्त नहीं होगा। पूरे राज्य में गुस्सा फूटा तो स्थिति पर नियंत्रण कठिन हो जायेगा। सरकार द्वारा परीक्षा रद्द करके जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ना बेरोजगारों के साथ क्रूर मजाक है।

# तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का भव्य शुभारम्भ






**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

कुमाऊं विश्वविद्यालय के भूविज्ञान विभाग एवं जियोलॉजिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया, बेंगलुरु के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को हिमालय की भू-गतिकीय उत्क्रांति क्रस्टल संरचना, जलवायु, संसाधन एवं आपदा विषय पर तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का भव्य शुभारम्भ हुआ। सम्मेलन में इटली, अमेरिका, नेपाल और भारत से आए प्रतिष्ठित वैज्ञानिकों, शोधकर्ताओं एवं विद्वानों ने भाग लिया। सम्मेलन का उद्देश्य हिमालय की जटिल भू-गतिकीय संरचना, जलवायु परिवर्तन, प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण एवं आपदा प्रबंधन से जुड़ी चुनौतियों पर गहन वैज्ञानिक विमर्श को प्रोत्साहित करना है। कार्यक्रम का शुभारम्भ भूविज्ञान विभाग के प्रो. संतोष कुमार के स्वागत भाषण से हुआ। उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन हिमालयी भूगर्भीय विकास और पर्यावरणीय परिवर्तनों को समझने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

इस दौरान मुख्य अतिथि पद्मश्री प्रो. हर्ष के. गुप्ता, भूवैज्ञानिक एवं भूकंप विशेषज्ञ ने हिमालयी क्षेत्र में भूकंपों की प्रवृत्तियों एवं संभावित खतरों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमें भूकंपों के साथ जीना सीखना होगा। विशिष्ट अतिथि डॉ. वी. के. गहलौत ने हिमालयी भू-गतिकी एवं जलवायु परिवर्तनशीलताओं के संबंधों पर विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हिमालय का पारिस्थितिक तंत्र जलवायु परिवर्तन के प्रति अत्यंत संवेदनशील है और इस दिशा में निरंतर अनुसंधान आवश्यक है। इटली से आए प्रो. रोडोल्फो कारोसी ने कहा कि हिमालय का अध्ययन वैश्विक स्तर पर पृथ्वी की संरचनात्मक प्रक्रियाओं को समझने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने भारत और इटली के वैज्ञानिकों के बीच शोध सहयोग को और सुदृढ़ करने पर बल दिया। कुलपति प्रो. दीवान एस. रावत ने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि यह सम्मेलन वैज्ञानिक सहयोग, नवाचार और संवाद का सशक्त मंच बनेगा, जो हिमालयी पर्यावरण एवं आपदा न्यूनीकरण के क्षेत्र में ठोस दिशा प्रदान करेगा। सह-संयोजक प्रो. राजीव उपाध्याय ने विभाग की शोध उपलब्धियों का उल्लेख किया, जबकि डॉ. रीतेश साह ने आभार ज्ञापन प्रस्तुत किया। संयोजक प्रो. संतोष कुमार ने सम्मेलन में सहयोग देने वाले संस्थानों—राष्ट्रीय अनुसंधान प्रतिष्ठान, जियोलॉजिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया, वाडिया इंस्टीट्यूट ऑफ हिमालयन जियोलॉजी, सीएसआईआर-एनजीआरआई, एटॉमिक मिनरल्स डायरेक्टरेट, एनसीईएसएस एवं पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय—का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर अधिष्ठाता प्रो. चित्रा पांडे, प्रो. ललित तिवारी, प्रो. एन. वी. चेलापति राव, प्रो. ए. के. जैन, प्रो. जी. एम. भट्ट, डॉ. रॉबिन्सन, प्रो. कविराज पौड्याल, प्रो. डी. सी. श्रीवास्तव, प्रो. मनीष, प्रो. अनीता पांडे, डॉ. रीना, डॉ. अशोक, अभिषेक मेहरा, संतोष जोशी, कपिल सहित अनेक वरिष्ठ प्राध्यापक एवं शोधकर्ता उपस्थित रहे। समारोह का संचालन यूजीसीङ्कएमएमटीटीसी की निदेशक प्रो. दिव्या यू. जोशी ने प्रभावशाली एवं गरिमापूर्ण शैली में किया।

## पेयजल समस्या को लेकर राज्य स्तरीय पेयजल अनुश्रवण परिषद को भेजा पत्र

**नैनीताल।** भाजपा मंडल अध्यक्ष नितिन कार्की ने नगर में पानी की समस्या को लेकर राज्य स्तरीय पेयजल अनुश्रवण परिषद के उपाध्यक्ष दिनेश आर्य को पत्र भेजकर समाधान के लिए सुझाव दिए हैं। पत्र में उन्होंने पानी के बिलों की समीक्षा करने, पाइप लाइन लीकेज की मरम्मत, नालियों से पुरानी पाइप लाइन हटाने और मीटरों की जांच व राज भवन वार्ड अमतुल सनी बैंड के पास जर्जर टंकी के पुनर्निर्माण और खराब फायर हाइड्रेंट की मरम्मत करने की मांग की गई है। उन्होंने पानी की आपूर्ति का समय बढ़ाने और जनता को राज्य टोल फ्री नंबर 1916 एवं 18001804100 के माध्यम से समस्याओं की सूचना देने के लिए प्रचार की आवश्यकता भी बताई।

नितिन कार्की ने कहा कि जनता को सही समय पर पीने का पानी उपलब्ध हो और जल संस्थान व अग्निशमन विभाग के बीच बेहतर समन्वय सुनिश्चित किया जाए।

# उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय में सत्र 2025-26 के ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया अब अंतिम चरण में

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए ऑनलाइन प्रवेश की प्रक्रिया अब अंतिम चरण में पहुँच चुकी है।

विश्वविद्यालय प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि ऑनलाइन प्रवेश लेने की अंतिम तिथि 10 अक्टूबर 2025 निर्धारित की गई है।विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नवीन चंद्र लोहनी ने बताया कि इच्छुक विद्यार्थी अपनी रुचि और योग्यता के अनुसार विश्वविद्यालय द्वारा संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों में 10 अक्टूबर तक ऑनलाइन माध्यम से प्रवेश ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि यह तिथि यू जी सी (डेब) के निर्देशों के बाद ही विस्तारित की जाती है।




इसलिए अभी यह प्रवेश की अंतिम तिथि है। प्रो. लोहनी ने बताया कि प्रदेश के अधिकांश विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में प्रवेश प्रक्रिया पहले ही पूरी हो चुकी है।

ऐसे में जो विद्यार्थी किसी कारणवश अन्य संस्थानों में प्रवेश लेने से वंचित रह गए हैं, उनके लिए उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय एक सुनहरा अवसर प्रदान कर रहा है। उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे अपना समय व्यर्थ न करें और इसी सत्र में विश्वविद्यालय में ऑनलाइन प्रवेश लेकर अपने भविष्य की दिशा सुनिश्चित करें। विश्वविद्यालय द्वारा संचालित पाठ्यक्रमों में बेहतर अध्ययन प्रणाली, गुणवत्तापूर्ण सामग्री और डिजिटल शिक्षा के आधुनिक संसाधन उपलब्ध हैं, जिससे विद्यार्थी अपने घर से ही उच्च शिक्षा प्राप्त कर सकते हैं।

अधिक जानकारी के लिएविद्यार्थी विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर विस्तृत विवरण प्राप्त कर सकते हैं।

# फिल्मी दुनिया

## ऐश्वर्या ने शेयर कीं पेरिस फैशन वीक की शानदार तस्वीरें





*हाल ही में ऐश्वर्या राय बच्चन ने पेरिस फैशन वीक 2025 में रैंप वॉक किया। वहीं आज ऐश्वर्या ने हेइडी क्लम, वियोला डेविस, केंडल जेनर, कैमिला कैबेलो और बाकी हॉलीवुड स्टार्स के साथ अपनी शानदार तस्वीरें सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर की हैं।*

*ऐश्वर्या राय बच्चन ने आज पेरिस फैशन वीक 2025 में सितारों के साथ शानदार तस्वीरें शेयर कर फैंस को खुश कर दिया है। उन्होंने सौशल मीडिया हैंडल पर बैकस्टेज की दो कमाल की ग्रुप फोटो शेयर कीं, जिनमें हॉलीवुड और फैशन की बड़ी हस्तियां नजर आ रही हैं। पहली तस्वीर में ऐश्वर्या काले रंग के स्टाइलिश कपड़ों में हेडी क्लम, वियोला डेविस, केंडल जेनर, एले फैनिंग, ईवा लोंगोरिया, एंडी मैकडॉवेल, सिंडी क्रॉफर्ड, लूमा ग्रोथ और अजा नाओमी किंग जैसे सितारों के बीच खड़ी हैं। वहीं दूसरी तस्वीर एक सीढ़ी पर ली गई है, जहां सभी सितारे अपने-अपने ग्लैमरस कपड़ों में पोज दे रही हैं। यहां कैमिला कैबेलो, वियोला डेविस, एंडी मैकडॉवेल, हेडी क्लम, ईवा लोंगोरिया, एले फैनिंग, सिंडी क्रॉफर्ड, लूमा ग्रोथ और अजा नाओमी किंग दिखीं।*

### इवेंट की खासियत

*यह इवेंट लोरियल का सालाना रनवे शो %ले डेफिले 2025 था, जो सौंदर्य और महिलाओं की ताकत पर जोर देता है। ऐश्वर्या ने एक और पोस्ट में वीडियो शेयर किया, जिसमें वे डिजाइनर मनीष मल्होत्रा के हीरों वाली ड्रेस में कमाल लग रही हैं। वीडियो में वे सिमोन एश्ले (ब्रिजर्टन स्टार) से बात करती नजर आईं। उनकी बेटी आराध्या भी साथ थीं। मां-बेटी की जोड़ी सेल्फी लेती, हंसती और मजे करती दिखी। ऐश्वर्या और आराध्या के इवेंट पर पहुंचने के वीडियो भी सोशल मीडिया पर छा रहे। ऐश्वर्या ने नेवी ब्लू पैंटसूट और सफेद शर्ट पहनी थी, जो उनके लुक को एलिगेंट बनाती है। आराध्या का डेनिम जैकेट और जींस वाला लुक फैंस ने क्यूट और कूल बताया।*

# पूर्व विधायक शुक्ला ने ऐरा कंपनी श्रमिकों की सवेतन कार्यबहाली की मांग

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

ऐरा कंपनी के श्रमिकों के प्रतिनिधि मंडल के साथ पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने एडीएम पंकज उपाध्याय एवं कौस्तुभ मिश्रा से भेंट कर श्रमिकों की समस्याओं पर विस्तृत वार्ता की। बैठक में उप श्रम आयुक्त विपिन कुमार भी उपस्थित रहे।

पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने कंपनी प्रबंधन से एनसीएलटी (दिल्ली शाखा) के निर्देशन में हुई नीलामी प्रक्रिया में वर्णित शर्तों एवं औद्योगिक विवाद अधिनियम 1947 के प्रावधानों का पालन सुनिश्चित कराते हुए, उक्त औद्योगिक विवाद में शामिल 102 स्थायी श्रमिकों की सवेतन कार्यबहाली की मांग की।श्रमिकों ने बताया कि अपेक्स बिल्डसीस लिमिटेड सिडकुल, पंतनगर को एनसीएलटी के आदेशानुसार 27 फरवरी 2019 को जसमीत डिजाइनर प्राइवेट लिमिटेड द्वारा खरीदा गया था। इसके अंतर्गत 25 मई 2022 को कंपनी के स्वामित्व एवं प्रबंधन का हस्तांतरण 102 स्थायी श्रमिकों सहित किया गया था। उन्होंने बताया कि औद्योगिक विवाद अधिनियम 1947 के अंतर्गत यह प्रावधान है कि यदि किसी बंद प्रतिष्ठान को पुनः चालू किया जाता है, तो मिल बंदी के समय के श्रमिकों को ही सर्वप्रथम नियोजन में लिया जाना चाहिए। इसके बावजूद कंपनी प्रबंधन ने सैकड़ों नए श्रमिकों की भर्ती कर उत्पादन कार्य प्रारंभ कर दिया है।

पूर्णतः अवैधानिक कृत्य है और कानून के प्रावधानों का उल्लंघन है।एडीएम पंकज उपाध्याय एवं कौस्तुभ मिश्रा ने श्रमायुक्त विपिन कुमार को निर्देशित किया कि 9 अक्टूबर को कंपनी प्रबंधन, पूर्व विधायक राजेश शुक्ला एवं ऐरा श्रमिक संगठन के बीच बैठक आयोजित कर मामले का समाधान सुनिश्चित किया जाए।पूर्व विधायक शुक्ला ने कहा कि श्रमिकों का अधिकार और न्याय सर्वोपरि है, किसी भी स्थिति में उनके वैधानिक अधिकारों का हनन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## News कॉर्नर

### रम्पुरा बस्ती में भड़की पब्लिक के बाद पुलिस हरकत में आई

**रुद्रपुर।** रम्पुरा बस्ती में कच्ची शराब की बिक्री को लेकर भड़के लोगों के बाद पुलिस हरकत में आई और एक व्यक्ति को कच्ची शराब सहित गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस के मुताबिक सोमवार की रात एसआई प्रियांशु जोशी, कांस्टेबल गणेश धानिक और पीआरडी जवान केहरी सिंह के साथ चौकी क्षेत्र में निजी वाहन से शांति व्यवस्था,चैकिंग के लिए किच्छा मार्ग पर निकले। इसी बीच वह काली मंदिर वाले कट पर पहुंचे तो मुखबि ने सूचना दी कि काली मंदिर के सामने रहने वाले दिनेश पुत्र अंगन लाल ने आज कच्ची शराब मंगवा कर एक सफेद कट्टे में अपने घर में ही छिपायी है। वह घर से ही कच्ची शराब बेचता है। सूचना पर पुलिस काली मंदिर के पास पहुंची और गेट के पास खड़े व्यक्ति से नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम दिनेश पुत्र अंगन लाल निवासी निकट काली मंदिर रम्पुरा, रूद्रपुर बताया । जनपद- उधमसिंहनगर बताया। पुलिस ने उससे कच्ची शराब बेचने के बारे में पूछताछ की गयी तो वह इधर-उधर की बातें करने लगा। पुलिस ने उससे सख्ती से पूछताछ की। तब उसने घर के अन्दर किचन के ऊपर स्लिप में छिपा रखी कच्ची शराब बरामद कराई। पुलिस के मुताबिक बरामद शराब 102 पाउच मिले। शराब प्लास्टिक के कट्टे थी। वह बेचने की फिराक में था। उसके पास अवैध कच्ची शराब रखने का लाईसेंस तलब किया तो दिखाने में असफल रहा। पूछताछ में बताया कि उसने यह शराब बंटी सिंह से मंगवायी थी। उस व्यक्ति ने पुलिस को बंटी सिंह का मोबाइल नंबर भी दे दिया। चौकी प्रभारी रम्पुरा प्रदीप कुमार कोहली ने बताया कि उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया और जिस व्यक्ति का नाम बताया कि पुलिस उसकी तलाश कर रही है। बता दें कि कल रम्पुरा के लोगों ने कच्ची शराब बेचने को लेकर प्रदर्शन किया था।

# रम्पुरा बस्ती में अवैध शराब की बिक्री के खिलाफ लोग मुखर, प्रदर्शन

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता



रम्पुरा बस्ती में एक घर में बिक रही अवैध शराब के खिलाफ बस्ती के लोग मुखर हो गये। शिकायत के बाद पुलिस ने जब घर में छापा मारा तो मौके पर भारी मात्र में कच्ची शराब बरामद की गयी। मौके से एक व्यक्ति को हिरासत में लिया है। जानकारी के अनुसार रम्पुरा में काली मंदिर के पास पिछले कई वर्षों से एक घर में अवैध शराब का कारोबार चलने की शिकायतें मिल रही थी। मोहल्लेवासियों का कहना है कि पूर्व में भी पुलिस से इसकी शिकायत की गयी लेकिन शराब माफिया के प्रभाव की वजह से माले में पुलिस कोई कार्रवाई नहीं की गयी। मोहल्लेवासियों का कहना है कि अवैध जहरीली शराब के कारण बस्ती में कई लोगों की मौत हो चुकी है। आज पुन: इस मामले में मोहल्लेवासियों ने पुलिस से शिकायत की और मामले को लेकर प्रदर्शन भी किया। शिकायत के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घर में जब छापा मारा तो मौके पर भारी मात्र में अवैध कच्ची शराब पकड़ी गयी। पुलिस ने घर से एक व्यक्ति को हिरासत में लिया। कार्रवाई के दौरान लोगों की भारी भीड़ मौके पर जमा हो गयी। उन्होंने शराब माफियाओं के खिलाफ नारेबाजी भी की ओर पुलिस से माफियाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग भी की। लोगों का कहना था कि अवैध शराब के कारोबारी युवा पीढ़ी में नशे का जहर घोल रहे हैं। आसानी से कच्ची शराब घर घर उपलब्ध होने के कारण युवा पीढ़ी नशे के गर्त में जा रही है। इस दौरान पुलिस ने लोगों को मामले में सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया।

प्रदर्शन में दिनेश, दिवाकर, हरिकृष्ण, बंटी, गोपाल, संजय, जीतू, राहुल, रोहित, अनीता बर्मन, मीना, अनीषा, संजय, जीवन लाल, मुकेश, मनीष, अनिल गंगवार, राजेश, बृजलाल श्रीवास्तव, अशोक, परशुराम, मोहित पाल, सरस्वती, हरकुमार, तरूण बर्मन, संजीव तमाम लोग मौजूद रहे।

# तराई किसान यूनियन के बैनर तले किसानों का गल्ला मंडी में धरना प्रदर्शन

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

सरकारी धान खरीद में अव्यवस्थाओं और कम रेट पर धान बिकने के खिलाफ किसानों ने तराई किसान यूनियन के बैनरतले सोमवार को गल्ला मंडी में धरना प्रदर्शन कर अपनी आवाज बुलंद की।

इस दौरान किसानों ने सरकार और प्रशासन के खिलाफ जमकर गुबार निकाला। धरना प्रदर्शन के दौरान किसान नेताओं का कहना था कि सरकार की लचर व्यस्थाओं के चलते किसानों को औने पौने दामों में धान बेचना पड़ रहा है। किसानों ने धान खरीद के सरकारी इंतजामों पर भी सवाल उठाये।

उनका कहना था कि सरकार ने समर्थन मूल्य 2300 रूपये तय किया है लेकिन किसानों से आढ़ती और मिल स्वामी 1600 और 1700 के हिसाब से धान खरीद रहे हैं। किसानों का आरोप था कि किसानों के धान को कमियां बताकर कम दामों में बेचने के लिए मजबूर किया जा रहा हैं किसानों ने सरकार से सभी किसानों का धान समर्थन मूल्य के हिसाब से खरीदने की पुरजोर मांग की। किसानों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए मांगें पूर्ण नहीं होने पर आंदोलन तेज करने की चेतावनी भी दी। धरना प्रदर्शन में तराई किसान यूनियन के अध्यक्ष तजेन्द्र सिंह विर्क, हेमंत जोशी, अशोक कुमार, गुरजीत सिंह, दीप नारायण, दीप चन्द्र, विवेक, प्रेम चन्द्र, देवेन्द्र सिंह, मक्खन सिंह, गुरदीप सिंह, नरेंद्र सिंह, संतोख सिंह, सुरजीत सिंह, सरवन सिंह, सुखेदव सिंह सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद थे।



**आक्रोश**

● धान खरीद में अव्यवस्थाओं और कम रेट को लेकर किसानों में आक्रोश

# हल्द्वानी में वाल्मीकि प्रकट दिवस की शोभायात्रा को लेकर यातायात रहेगा डायवर्ट

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

वाल्मीकि प्रकट दिवस की शोभायात्रा के मद्देनजर हल्द्वानी पुलिस ने मंगलवार को शहर के लिए विशेष यातायात डायवर्जन प्लान जारी किया है। यह डायवर्जन दोपहर दो बजे से शोभायात्रा समाप्त होने तक प्रभावी रहेगा। इस दौरान शहर के मुख्य मार्गों पर वाहनों की एंट्री पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगी। वाहन चालकों को बाईपास मार्गों का उपयोग करना होगा।

डायवर्जन प्लान के अनुसार, पर्वतीय क्षेत्रों से हल्द्वानी की ओर व टीपी नगर से पहाड़ की ओर आने-जाने वाले मालवाहक वाहन केवल बाईपास मार्ग से गुजरेंगे। वहीं, पर्वतीय क्षेत्र से आने वाली बसें नरीमन तिराहा से तिकोनिया चौराहा होते हुए वर्कशॉप लाइन से रोडवेज स्टेशन तक पहुंचेंगी। रोडवेज स्टेशन से बरेली और रामपुर रोड जाने वाली बसें रोडवेज पूर्वी गेट से तिकोनिया, नरीमन तिराहा होकर गौलापार रोड का इस्तेमाल करेंगी। इसी प्रकार, रोडवेज स्टेशन से पर्वतीय क्षेत्र की ओर जाने वाली बसें रोडवेज पूर्वी गेट से वर्कशॉप लाइन होते हुए नैनीताल रोड से जाएंगी। पर्वतीय क्षेत्र से बरेली और रामपुर रोड की ओर जाने वाले अन्य वाहन नरीमन तिराहा से डायवर्ट होकर गौलापार रोड का इस्तेमाल करेंगे।पुलिस ने बताया कि जब शोभायात्रा लक्ष्मी शिशु मंदिर से नैनीताल बैंक तिराहा के बीच होगी, उस दौरान वाहनों को कॉलटैक्से से डायवर्ट कर लालठांड तिराहे की ओर भेजा जाएगा। इसी तरह, जब शोभायात्रा कैनाल रोड से कुल्यालपुरा चौराहा के बीच होगी, तब वाहनों को तिकोनिया चौराहा से सीधे नैनीताल रोड की ओर भेजा जाएगा।

पुलिस प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि असुविधा से बचने के लिए निर्धारित डायवर्जन का पालन करें और शोभायात्रा में सहयोग दें।

# भाविप द्वारा करवाचौथ उत्सव का भव्य आयोजन

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

भारत विकास परिषद शाखा हल्द्वानी द्वारा करवाचौथ उत्सव का कार्यक्रम रामपुर रोड स्थित रेस्टोरेंट में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि डॉ अनुश्री रावल पाल, विशिष्ट अतिथि रीना शर्मा एवं प्रांतीय महासचिव हरीश शर्मा, प्रांतीय संरक्षक भगवान सहाय अग्रवाल, क्षेत्रीय वित्त सचिव राजेंद्र कुमार गुप्ता, क्षेत्रीय संयोजक-संस्कार पाला मेहता, प्रांतीय संयोजक रक्तदान भवानी शंकर नीरज, शाखा अध्यक्ष दीपक बख्शी द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन द्वारा की गई। सर्वप्रथम शाखा की महिला सदस्यों द्वारा रंग-रंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई और विभिन्न गेम्स का आयोजन किया गया। महिला सहभागिता के अंतर्गत डॉ अनुश्री रावल पाल ने महिलाओं को स्वास्थ्य संबंधित विषयों के बारे में जानकारी दी और सर्वाइकल कैंसर के खतरे और रोकथाम के बारे में बताया। कार्यक्रम का संचालन मिताली मित्तल और गुंजन सिंघल द्वारा किया गया। शाखा द्वारा अपने सदस्य तरुण बंसल को प्रदेश महामंत्री भाजपा और साकेत अग्रवाल को प्रदेश सह-कोषाध्यक्ष भाजपा बनने पर सम्मानित किया गया।

अंत में करवा चौथ क्वीन का खिताब मीनू गुप्ता के नाम रहा। बेस्ट अटायर पंजाबी दीपिंका अग्रवाल, राजस्थानी पूजा अग्रवाल और कुमाऊनी हेमा बिष्ट के नाम रहा। इस मौके पर मुख्य रूप से सचिव डॉ निधि अग्रवाल, महिला उपाध्यक्ष एकता अग्रवाल, डॉ अभिषेक मित्तल, सीमा बक्शी, मीनू गुप्ता, दीपिंका अग्रवाल, प्राची अग्रवाल, पूजा सिंघल, तनु गर्ग, डॉ मोनिका मित्तल, सौम्या अग्रवाल, अमित अग्रवाल, प्रदीप बिष्ट आदि सदस्य उपस्थित रहे।



### गढ़ भोज दिवस बड़े उत्साह और पारंपरिक अंदाज़ में मनाया

**भीमताल।** ग्राफिक एरा हिल विश्वविद्यालय में कॉलेज ऑफ फार्मेसी द्वारा गढ़ भोज दिवस बड़े उत्साह और पारंपरिक अंदाज़ में मनाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य उत्तराखंड की पारंपरिक पाक-परंपरा को प्रोत्साहित करना और विद्यार्थियों में स्थानीय भोजन व संस्कृति के प्रति सम्मान बढ़ाना था।कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्वलन के साथ शुरू हुआ, कार्यक्रम में कॉलेज ऑफ नर्सिंग की सहायक प्राध्यापक बबीता बिष्ट ने उत्तराखंड के पारंपरिक खाद्य पदार्थों का सांस्कृतिक एवं पोषण मूल्य विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया।

# पूर्व बीडीसी मेंबर व पत्नी ने गटका जहर, पत्नी की मौत

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

लालकुआ पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य की पत्नी के शव का पोस्टमार्टम करा कर पुलिस ने परिजनों को सौंप दिया है। गौरतलब है कि हल्दूचौड़ क्षेत्र में पूर्व बीडीसी मेंबर और उनकी पत्नी ने सोमवार देर शाम कथित तौर पर जहरीला पदार्थ सेवन कर लिया था। इलाज के दौरान उमा भट्ट की मौत हो गई, जबकि प्रकाश भट्ट की हालत गंभीर बताई जा रही है। उन्हें सुशीला तिवारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य प्रकाश भट्ट (48) और उनकी पत्नी उमा भट्ट (42) हल्दूचौड़ के दौलिया डी-क्लास क्षेत्र के निवासी हैं और स्थानीय समाज में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। उनका एक बेटा प्राइवेट नौकरी में है, जबकि बेटी नैनीताल में पढ़ाई कर रही है।

स्थानीय लोगों ने बताया कि दोनों ने घर पर ही जहरीला पदार्थ खा लिया। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग उन्हें तुरंत उपचार के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन चिकित्सकों ने उमा भट्ट को मृत घोषित कर दिया।

प्रकाश भट्ट की स्थिति अभी भी चिंताजनक बनी हुई है। घटना के कारणों का फिलहाल कोई ठोस संकेत नहीं मिला है। न ही परिवार की ओर से अब तक कोई स्पष्ट जानकारी दी गई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और सभी संभावित पहलुओं पर गौर किया जा रहा है। आज पुलिस ने उमा के शव का पोस्टमार्टम करा कर उसके परिजनों को सौंप दिया है।इस घटना से पूरे छेत्र में शोक की लहर छाई हुई है।

# अंतरराष्ट्रीय शिक्षक दिवस कार्यक्रम पर शिक्षकों को किया सम्मानित

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

नव विहान ट्रस्ट, सामाजिक सांस्कृतिक संगठन तथा मिशन न्यू इंडिया के संयुक्त तत्वधान में अंतर्राष्ट्रीय शिक्षक दिवस के अवसर पर चाणक्य सम्मान से समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत सेवा देने वाले शिक्षको को सम्मानित, किया गया।

प्रदेश की राजधानी देहरादून में होटल सिटी स्टार में बहुत बड़ी संख्या में उन्नत शिक्षाविद् समाज सेवियों को सम्मानित किया गया राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीया डा. ज्योति श्रीवास्तव ने बताया कि प्रत्येक वर्ष विश्व शिक्षक दिवस पर यह कार्यक्रम किया जाता है इस कार्यक्रम में नरेंद्र मोदी विचार मंच व मिशन न्यू इंडिया के राष्ट्रीय पदाधिकारियों ने भी शिक्षकों को सम्मानित किया। विशेष रूप से इस कार्यक्रम में हल्द्वानी के सागर चंद जी को राष्ट्रीय क्रीड़ा कला एवं संस्कृति मंच उत्तराखंड प्रदेश के कुमाऊ प्रांत का प्रांत अध्यक्ष नियुक्त किया गया और उन्हें प्रमुख राष्ट्रीय महासचिव संगठन दिलीप कुमार सिंह, राष्ट्रीय अध्यक्ष उद्योग एवं व्यापार मंच माननीय डा उमेश पटेल जी राष्ट्रीय अध्यक्ष शिक्षक मंच अनिरुद्ध मिश्रा जी राष्ट्रीय महिला शाखा अध्यक्ष डा ज्योति श्रीवास्तव राष्ट्रीय अध्यक्ष खेल एव कला संस्कृति मंच निर्मल वैद जी व उत्तर प्रदेश अध्यक्ष ब्रजेश मिश्रा जी द्वारा सम्मनित किया गया व नियुक्ति पत्र दिया गया। माननीय प्रमुख संगठन महामंत्री दिलीप सिंह जी ने सागरचंद जी को प्रांतीय अध्यक्ष बनाये जाने पर श्रेष्ठ नेतृत्व का आभार प्रगट करते हुए कहा कि सागर जी सिर्फ कुमायूँ क्षेत्र मे ही नही बल्कि पूरे उत्तराखंड मे कला और संस्कृति के क्षेत्र मे एक नव क्रांति पैदा कर देश और विश्व को उत्कृष्ट कलाकारों से परचित कराते हुए प्रदेश के कलाकारों का सम्मान बढ़ाएंगे ।

